हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

11 डबल इंजन की सरकार है फेल हमारी सिंगल इंजन बेहतर थी



12 रसोई गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने सिलेंडर...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# आमामोरा में बिछी बर्फ की सफेद चादर, ओलावृष्टि से मकानों के छप्पर हुए चकनाचूर


## जिले के मीनी कश्मीर ओड़ आमामोरा में आधा घंटे तक ओलावृष्टि का कहर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तेज धूप उमश और गर्मी के बीच आज सोमवार को दोपहर के बाद गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र मे मौसम का मिजाज अचानक बदलने लगा और मैनपुर देवभोग क्षेत्र के कई ग्रामों में जहां हल्की बारिश के साथ देर शाम समाचार लिखे जाने तक आंधी- तूफान चल रही है और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के मीनी कश्मीर के नाम से मशहूर पहाड़ी के ऊपर बसे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ओड़ आमामोरा में सोमवार शाम 5 बजे के आसपास लगभग आधे घंटे तक आंधी-







तूफान के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई है। इतना अधिक ओलावृष्टि और बर्फ के बड़े-बड़े गोले गिरे है कि कई मकानों के खपरैल टूटकर चकनाचूर हो गया है। ओड़ आमामोरा स्थित आदिवासी आश्रम छात्रवास के आंगन के चारो तरफ बर्फ के चादर बिछ गए और मौसम मे ठंडकता देखी जा रही है। ग्राम ओड़ आमामोरा निवासी बिरू यादव, आश्रम अधीक्षक एवं ग्रामीणों ने ओलावृष्टि की फोटो और वीडियो उपलब्ध कराई है। आश्रम अधीक्षक ने बताया की इतना तेज आंधी -तूफान के साथ लगभग आधे घंटे तक बड़े-बड़े ओला गिरा है जिसके कारण पूरे आश्रम के परिषर और गांव के चारों तरफ गली मोहल्ले मे सिर्फ बर्फ के चादर नजर आ रहे है। इससे कई खपरैल वाले मकान के ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### मोबाइल देखते समय गिरी गाज, युवक बाल-बाल बचा



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के सीनापाली निवासी एक युवक पर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है, जब युवक पेड़ के सहारे खड़े होकर मोबाइल देख रहा था। जानकारी के अनुसार गोविंद पटेल (उम्र लगभग 35 वर्ष) पेड़ के पास टिककर मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने घायल गोविंद पटेल को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया था। चिकित्सकों ने बारिश और आंधी के दौरान खुले स्थानों या पेड़ों के नीचे खड़े रहने से बचने की सलाह दी है।

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश 25 तक

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में आने वाले सत्र 2026-27 में कक्षा 7वीं में अनुसूचित जनजाति के बालक के लिए एक सीट रिक्त है। इच्छुक छात्र जो सत्र 2025-26 में कक्षा 6 में अध्ययनरत हैं या कक्षा 6 पास कर चुके हैं, वे 25 मार्च तक अपने आवेदन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में जमा करवा दें। फॉर्म प्राप्त करने और जमा करने का समयः सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक।

### युवक को ट्रक ने रौंदा मौके पर ही मौत



**नवापारा-राजिम।** सोमवार की शाम 6:30 बजे शहर के भीतर एक निजी अस्पताल के पास बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक सवार बुड़ेनी निवासी 25-26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये युवक किसी काम से राजिम से नवापारा पहुंचा था लौटते में इनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में वह आ गया और वही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फै ल गई और देखते ही देखते लोगो की भीड़ वहां लग गई। खबर पाकर नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और ⏭ शेष पेज 10 पर

**सम्मेलन :** फिंगेश्वर परिक्षेत्र कलार समाज का सम्मेलन में 26.50 लाख के दो नवीन भवनों का लोकार्पण

# कृषि कॉलेज को दूसरे जगह शिफ्ट करना नगरवासियों का हक मारना : भूपेश बघेल







हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर में कलार समाज के परिक्षेत्र अधिवेशन एवं नवीन भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्यमंत्री के आसंदी से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गजमाला पहनाकर जोर शोर से स्वागत किया।भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारो से कार्यकर्ता पूरी तरह से जोश में रहे। कृषि महाविद्यालय को दूसरे जगह शिफट करना नगर वासियो का हक मारना है। कलार समाज के कार्यक्रम स्थल पर समाज के द्वारा बाजे- गाजे एवं फटाखों से स्वागत किया गया। वहीं पर मंच में गजमाला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। मंच में समाज के वरिष्टों द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बालोद के विधायक संगीता सिन्हा एवं प्रथम पंचायत मंत्री भूपेश बघेल का फूल माला से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम में कलार समाज के ईष्ट देवी देवता का पूजन किया गया। वहीं पर सामाजिक भवनों का फीता काटकर लोकार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन मे कहा कि कलार समाज संगठित एवं मेहनती ⏭ शेष पेज 10 पर

### अन्य जगह शिफ्ट करना सरकार की निष्क्रियता का परिणाम



हमारी सरकार में इस कॉलेज को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ था व कॉलेज संचालित आज भी फिंगेश्वर में हो रहा हैं। इस कॉलेज को अन्य जगह शिफ्ट करना इस सरकार की निस्क्रियता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास संघर्ष एवं सेवा समिति के सदस्यों ने इसके बारे में मुझे बताया हैं। मै फिंगेश्वर में ही कॉलेज बनने के लिए कृषि मंत्री, सचिव को पत्र लिखूंगा और हो सके तो इस बात को मैं विधानसभा में जरूर उठाऊंगा, क्योंकि ये फिंगेश्वर वासियों की हक की बात हैं।

# जांच करने गए पुलिस जवानों पर टांगिया और डंडों से हमला

## 3 आरक्षक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले में खाकी पर हमले का एक दहला देने वाला मामला सामने आया है। मैनपुर थाना क्षेत्र के कोसमी द गांव में जांच के लिए पहुंचे पुलिस जवानों को चार आरोपियों ने घेरकर टांगिया और डंडों से लहूलुहान कर दिया। यह हमला कुछ दिन पहले किए गए कार्यवाही के चलते किया गया, जिसमें तीन आरक्षक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, दर्रीपारा कैंप में पदस्थ आरक्षक परमेश्वर नेताम, विमल लकड़ा और विनोद मनहर रविवार शाम को ग्राम भ्रमण पर निकले थे। जैसे ही पुलिस की टीम कोसमी द पहुंची, आरोपी भैय्या लाल देवंशी, गोरेलाल, उत्तम और गोलू देवंशी ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पूर्व में हुई शराब जब्ती की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हमला बोल दिया।



हमला इतना सुनियोजित था कि आरोपियों ने चारों तरफ से घेराबंदी कर दी थी। मुख्य आरोपी भैय्या लाल ने हत्या की नियत से आरक्षक विमल लकड़ा के सिर पर टांगिया से वार किया, जिससे उनके चेहरे, नाक और आंख के पास गहरी चोटें आईं। विमल के जमीन पर गिरते ही अन्य आरोपियों ने डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बीच–बचाव करने आए आरक्षक परमेश्वर और विनोद को भी डंडों से बुरी तरह पीटा गया। शोर सुनकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह पुलिसकर्मियों की जान बचाई और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

गरिमा दादर डीएसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने और उपहति कारित करने के मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 109, 121(1), 127(2), 221, 132 और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है।

# अंचल में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में सोमवार रात को मौसम ने अचानक करवट ली है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण कई स्थानों पर तेज गरज चमक के साथ बारिश हुई है। अचानक मौसम परिवर्तन से गर्मी और उमस से राहत तो मिली, लेकिन दूसरी ओर अभी के समय में महुआ फूल, आम, गेहूं के फसलों पर असर पड़ सकता है। ज्ञात हो कि शाम 4 बजे ग्राम पंचायत मूढीपानी के आश्रित गांव कनफाड़ में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई । मौसम के बदले इस मिजाज से क्षेत्र में बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। हालांकि किसानों के मन में बारिश के साथ साथ चिंता भी बनीं हुई है। किसानों का कहना है कि अगर



बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली चमकना हुआ तो खड़ी गेहूं की फसल और महुआ फूल,आम एक अन्य फसलों के उत्पादन प्रभावित होगा। ऐसे में किसान मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। और ⏭ शेष पेज 10 पर

# चॉइस सेंटर संचालक से 1.50 लाख की लूट, चाकू मारकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अभनपुर-नवापारा मार्ग पर लगातार बढ़ रही लूट की घटनाओं ने राहगीरों में दहशत का माहौल बना दिया है। बीती रात ग्राम हसदा के पास दो अज्ञात लुटेरों ने एक बाइक सवार को रोककर चाकू से हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर-नवापारा मार्ग पर ग्राम हसदा के समीप सुनसान इलाके में देर रात बाइक सवार नवापारा आ रहा था। इसी दौरान दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद घायल व्यक्ति किसी तरह आसपास के लोगों की मदद से सुरक्षित स्थान तक पहुंचा और मामले की जानकारी दी। इस मार्ग पर पहले भी लूट की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बता दें कि जैसे ही अभनपुर से आगे की ओर बढ़ो तो गातापार से लेकर हसदा तक



का इलाका सुनसान होने के कारण बदमाश अक्सर इसका फायदा उठाते हैं। रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों में हमेशा भय का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग होना चाहिए जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियो पर ब्रेक लग सके। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि गातापार से हसदा तक के सुनसान मार्ग पर लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा ⏭ शेष पेज 10 पर

# 560 किलो से अधिक गांजा व 190 नशीली टेबलेट का किया नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में जब्त भारी मात्रा में मादक पदार्थों का नष्टीकरण कराया। एनडीपीएस एक्ट के 34 प्रकरणों में जब्त 560.680 किलो मादक पदार्थ गांजा तथा 2 प्रकरणों में जब्त 190 नग नशीली टेबलेट को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई रायपुर स्थित जायसवाल निको स्टील पावर प्लांट के फर्नेस में की गई, जहां जब्त किए गए मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति भी ली गई। इस प्रक्रिया के दौरान जिला औषधि निपटारा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर,



सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल तथा सदस्य जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। समाज में फैल रही नशे की लत को खत्म करने के लिए पुलिस सतत प्रयास कर रही है।

## विधायक रोहित साहू की पहल पर राजस्व शिविरों का आयोजन

# अब गांव में ही होगा नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व संबंधी समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू की सक्रियता रंग लाई है। विगत दिनों जिला मुख्यालय गरियाबंद में हुई बैठक में विधायक रोहित साहू ने कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में होने चाहिए। विधायक के निर्देशो के बाद कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने अनुविभाग के सभी राजस्व मंडलों में विशेष शिविर आयोजित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नाम में त्रुटि सुधार जैसे महीनों से लंबित पड़े मामलों का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना है। विगत दिनों विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को निर्देशित किया था कि राजस्व मामलों में हो रही देरी को समाप्त किया जाए। विधायक ने स्पष्ट किया कि आम जनता को तहसील और दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए प्रशासन को जनता के बीच पहुँचना होगा। विधायक रोहित साहू ने जनता से अपील करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों के लंबित रहने से किसानों और ग्रामीणों को मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। शासन-प्रशासन की मंशा है कि जनहित के कार्य समय सीमा में पूरे हों। मेरी अपील है कि क्षेत्रवासी इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने प्रकरणों का सही समय पर निदान पाएं।

### लंबित आवेदनों का होगा निराकरण



इन शिविरों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और संबंधित हल्का पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। राजस्व मामलों का निपटारा तत्काल किया जाएगा, जबकि जटिल मामलों के लिए समय सीमा निर्धारित की जाएगी। इन विशेष शिविरों में मुख्य रूप से फौती एवं आपसी सहमति से नामांतरण। खातों का बंटवारा एवं सुधार। भूमि का सीमांकन एवं नक्शा बटांकन। ऋण पुस्तिका जारी करना। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र संबंधी लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। विधायक के निर्देशों के परिपालन में राजिम एसडीएम ने विस्तृत कार्ययोजना जारी कर दी है। सभी राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के लंबित प्रकरणों की सूची तैयार रखें और शिविर के दौरान आवेदकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**कब और कहां लगेगा शिविर-** जारी शेड्यूल अनुसार राजस्व निरीक्षक मंडल अंतर्गत मंगल भवन राजिम में 16 मार्च को, राजस्व निरीक्षक मंडल कौन्दकेरा अंतर्गत नगर पंचायत कोपरा में 18 मार्च को,राजस्व निरीक्षक मंडल बासीन अंतर्गत ग्राम परसदा जोशी में 20 मार्च को, राजस्व निरीक्षक मंडल फिंगेश्वर अंतर्गत मंगल भवन में 23 मार्च और राजस्व निरीक्षक मंडल जामगांव अंतर्गत जामगाँव में 25 मार्च को शिविर लगाया जाएगा जिसमें संबंधित राजस्व निरीक्षक मंडल अंतर्गत आने वाले पटवारी हल्का एवं उसमें संबंधित ग्रामों की राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। विधायक रोहित साहू की इस पहल से राजिम क्षेत्र के हजारों किसानों और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। प्रशासन के इस कदम से लंबित राजस्व प्रकरणों का बोझ कम होगा।

# साहू समाज के नवनिर्मित भवन का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

चारगड़ झरिया साहू समाज कांदाडोंगर अंचल के ग्राम कांडेकेला में भक्तमाता कर्मा की जयती के अवसर पर नव निर्मित सामुदायिक भवन का उदघाटन पूजा अर्चना एवं फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष मोहना नेताम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नन्दकुमारी राजपूत, अध्यक्षता कीर्तन राम साहू केन्द्रीय अध्यक्ष चारगड़ झरिया साहू समाज भूमि दानदाता देवकुमार साहू,कुंती साहू जनपद सदस्य, डिलेन्द्री मांझी सरपंच ग्राम पंचायत कांडेकेला,तपेश्वर राजपूत जनपद सदस्य, देवशरण साहू अध्यक्ष कांदाडोंगरस शेखर चन्द साहू उप सभापति, कांदाडोंगर, टेकराम साहू संपादक ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पापमोचनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में पापमोचनी एकादशी व्रत रखा महिलाओं ने पूजा अर्चना की। वीरेंद्र वैष्णव ने बताया पापमोचिनी एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा पंचामृत, तुलसी के पत्ते, पीले फूल, धूप, दीप आदि से करते हैं। पूजा के समय पापमोचिनी एकादशी की व्रत कथा सुनते हैं। इस व्रत को करने से पाप मिटते हैं और मोक्ष मिलता है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत चैत्र कृष्ण एकादशी को मनाया गया।



### कर्मा जयंती में शामिल हुए देवी

**महासमुंद।** भक्त माता शिरोमणि माता कर्मा जयंती लोहिया चौक में साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहू तेली समाज की सामाजिक, धर्मिक धरोहर मता कर्मा है। उनकी मक्ति भगवान कृष्ण के प्रति इतनी निस्वार्थ थी कि भगवान स्वंय उनके हाथों से खिचड़ी का भोग ग्रहण करते थे। इस कारण माता को शिरोमणि की उपाधि प्राप्त हुई। भक्ति सेवा त्याग एवं समर्पण की प्रतिमूति के रूप में माता कर्मा को पूरा संसार जानता है।

### टीम के चयन के लिए ट्रायल 22 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सभी जिला क्रिकेट संघों को महिलाओं के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के लिए सत्र 2026-27 के ट्रायल्स संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुसार महासमुंद जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिले की टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन 22 मार्च रविवार को प्रातः 8ः बजे से मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसारः अंडर-23 वर्ग में 01 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी ही पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के कोई भी खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेगा।

# सवाईकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान

## 14 से 15 वर्ष की 11 किशोरी बालिकाओं को लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव के लिए जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कलेक्टर विनय लंगेह की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ। इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 11 हजार किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह टीका सुरक्षित और प्रभावी है। अभिभावकों से अपील है कि वे किसी भी भ्रम या अफवाह से दूर रहकर अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं, ताकि उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता मौजूद थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। अभियान के तहत जिले में लगभग 11 हज़ार से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए डब्ल्यूएचओ से प्रमाणित और सुरक्षित टीका है। टीकाकरण के लिए बालिकाओं की आयु का निर्धारण आधार कार्ड के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें 0.5 एमएल की सिंगल डोज दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, हरिशंकर साहू, जिला सलाहकार अनुपम मिश्रा, सेक्टर सुपरवाइजर दीपक तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### टीकाकरण कार्ड दिया गया

अभियान के दौरान टीकाकरण कार्य चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपस्थिति में किया जाएगा। टीकाकरण के बाद बालिकाओं को 30 मिनट तक स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में रखा जाएगा तथा सामान्य स्थिति होने पर उन्हें टीकाकरण कार्ड प्रदान किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। विद्यालयों के माध्यम से बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के संबंध में जानकारी देकर उनकी सहमति भी प्राप्त की जाएगी।

## कार्यक्रम : आंगनबाड़ी केंद्र में न्योता भोज का आयोजन

# न्योता भोज; पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज और शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय

- महासमुंद जिले में 345 न्योता भोज आयोजित, 6005 बच्चे हुए शामिल



स्थापित करने की दिशा में आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू किया गया न्योता भोज कार्यक्रम पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का एक अनूठी पहल है। यह बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ समाज को शिक्षा और बाल विकास से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जनवरी 2026 से महासमुंद जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पालकों, दानदाताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ या पारिवारिक खुशी पर बच्चों के साथ भोजन साझा करने की परंपरा शुरू की गई है। इस पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांट रहे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 26 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने अपने पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया। जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खीर, पूड़ी, केला, चावल, दाल एवं सब्जी जैसे पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। बच्चों ने उत्साह पूर्वक एवं खुशी-खुशी भोजन का आनंद लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे सहित सहायिका एवं पालक गण मौजूद थे।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जटवार ने कहा कि शासन द्वारा नेवता भोज कार्यक्रम समाज को बच्चों के भविष्य के निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से होते हैं। ऐसे में पौष्टिक आहार उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नेवता भोज के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक भोजन मिलता है और साथ ही समाज में यह संदेश भी जाता है कि बच्चों का विकास केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जटवार ने कहा कि इस पहल से बच्चों में आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के शुभ अवसरों को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के साथ साझा करें। इससे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। महासमुंद जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में जनवरी 2026 से शुरू नेवता भोज कार्यक्रम के माध्यम से फरवरी 2026 तक 345 आयोजनों में कुल 6005 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। जिसमें बागबाहरा विकासखंड में कुल 98 आयोजनों में 1489 बच्चों को पोषक आहार प्रदान किया। इसी तरह महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत 23 आयोजनों के माध्यम से 455 बच्चे एवं महासमुंद शहरी अंतर्गत 25 आयोजनों में 545 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह बसना विकासखंड में 67 आयोजनों में 1048 बच्चों को, पिथौरा में 65 आयोजनों के माध्यम से 1303 बच्चों को एवं सरायपाली में 67 आयोजनों में 1165 बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया है।

# सरहद से लगे वनांचल में अफीम की तलाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अफीम की खेती की आंच प्रदेश के हर जिले तक पहुंच चुकी है हालात यह है कि अफसर एवं अधिकारी कर्मचारियों की एक टीम को खेतों में अफीम के पौधे ढूंढने के लिए उतार दिया गया है। ब्लॉक के दूरस्थ वनांचल तक खेतों में जाकर सर्वे कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुछ स्थानों पर अफीम की फसल के बाद प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गई है और सभी क्षेत्रों में सर्वे कर इसकी रिपोर्ट 19 मार्च तक देने कहा गया है ऐसा नहीं है कि केवल एक जांच रिपोर्ट बनाकर दे दिए रिपोर्ट के साथ एक प्रमाण पत्र भी देना होगा जिसमें उनके इलाके में किसी तरह की अफीम की खेती नहीं हो रही है। हालंकि इस तरह के सर्वे की बात से कुछ अफसर इंकार कर रहे हैं लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनो मैनपुर ओड़िशा सीमा से लगे क्षेत्रों तक अफीम और गांजा का पौधा ढुंढने के लिए अधिकारी और कर्मचारियो की एक टीम गठित की गई है जो लगातार पहाड़ी इलाको के गांवो तक पहुंचकर खेतो का निरीक्षण कर रहे है और तो और फार्महाउसो का भी निरीक्षण कर रहे है नाम नही छापने के शर्त पर राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया मैनपुर देवभोग क्षेत्र ओड़िशा सीमा से लगा हुआ है और पहाड़ी इलाके बार्डर मे खासकर गांजा की खेती का संदेह के चलते इन दिनो टीम के द्वारा निरीक्षण सर्वे किया जा रहा है। भूचाल जैसी स्थिति निर्मित हो गई इसके बाद सीएम प्रदेश के सभी जिलों में जांच कराने का निर्देश दे दिया सीएम के निर्देश के बाद 11 मार्च को संचालक भू अभिलेख की ओर से कलेक्टर को पत्र लिखा गया इसमें अवैध रुप से अफीम की खेती की जांच कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने कहा गया। कलेक्टर ने इसकी जिम्मेदारी सभी अनुविभाग के एसडीएम को दी है।

**सर्वे करवाया गया है-** मैनपुर तहसीलदार ने बताया की मैनपुर तहसीलदार रमेश मेहता ने बताया राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगातार मैनपुर विकासखण्ड के सभी ग्रामो में खेती का निरीक्षण करवाया जा चुका है। कहीं अफीम और मादक पदार्थो का पौधा नहीं मिला है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को सौपा जा रहा है। श्री मेहता ने बताया की अधिकांश गांवों में रबी सीजन का फसल लगा है ऐसे में पटवारियों को खेतों में जाना ही पड़ रहा है जहां फसल लगी होती है वहां दूर से समझ नहीं आता है इसके कारण पटवारी हर खेत में जा रहे हैं, जहां फसल लगी है खास कर ऐसे फसल जो उंचाई में होती है मक्का, गन्ना समेत कुछ अन्य फसलें जिनकी उंचाई अधिक होती है सभी आरआई और पटवारियों को सर्वे करवाया गया है।

# खल्लारी में हुई ब्लॉक संगठन बागबाहरा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सात क्षेत्रीय समिति से गठित ब्लॉक संगठन बागबाहरा की बैठक विगत दिवस खल्लारी स्थित सामाजिक भवन में राम जानकी एवं रामसखा गुहा निषादराज के पूजा अर्चना बाद प्रारंभ हुआ। जिसमें ब्लॉक संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद, संरक्षक भगतराम निषाद, सलाहकार एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष गण दाऊलाल निषाद, बालमुकुंद निषाद, रोहित निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष कीर्तन निषाद, उपाध्यक्ष सविता निषाद, महासचिव मूलचंद निषाद, सचिव किशोर डहरवाल, मछुआ महासंघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, पूर्व प्रदेश सचिव जानकी निषाद, खल्लारी सोसाइटी अध्यक्ष नंदकुमार निषाद आदि ने अपने विचार व्यक्त कर समाज को आगे लाने के लिए सक्रिय होकर मिलजुलकर कार्य करने संकल्प लिया।

ब्लॉक संगठन के युवा, महिला, शिक्षा, राजनैतिक, मीडिया, एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ गठन करने निर्णय लिया गया। समाज के कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित न हो प्रयास करने एवं होनहार जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहयोग देने प्रस्ताव पारित किया गया। मीडिया प्रभारी उसकराम निषाद को नियुक्त किया। बैठक में मोहन निषाद के सभापति और रवि निषाद के संचालन में हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष कुंजलाल निषाद, संगठन सचिव तुलसीराम निषाद, उपसंगठन सचिव जतीराम निषाद, हुकुमचंद, श्यामकुमार, जगदीश, नोहर, दुखुराम, कार्तिकराम, सुखरू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दोबारा संचालक चुने गए हर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति की प्रबंध कमेटी में संचालक सदस्य के रूप में दोबारा हर्षित चंद्राकर को चुना गया है। चयन पर हर्षित ने समस्त मतदाताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि हर कार्य में पूर्ण प्रयास करते हुए कार्य को संभव बनाने का आश्वासन दिया।

# उदंती रिजर्व की टीम ने ओडिशा सीमा में घुसकर दबोचे 5 शिकारी

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने एक बार फिर ओडिशा सरहद पार कर वन्यजीव तस्करों और शिकारियों के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। टाइगर रिजर्व के इंदागांव धुरवागुड़ी बफर जोन में अवैध शिकार की सूचना मिलते ही विभाग ने एक बड़ी घेराबंदी की जिसका जाल सीधे पड़ोसी राज्य ओडिशा के नवरंगपुर जिले तक जा पहुंचा। टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि कई अन्य की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार अरूण पाण्डे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक सतोविशा समाजदार, उप निदेशक वरुण जैन के मार्गदर्शन में उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के अन्तर्गत परिक्षेत्र इंदागांव धुरवागुडी बफर के पीपलखूंटा बीट कक्ष क्रमांक 1204 में ओडिशा प्रांत के 4 व्यक्तियों चमरु पिता लहरिया कमार, मनीराम पिता तुलसीराम पारधी, गुड्डू पिता पोडाराम कमार, लखमु पिता तुलसीराम पारधी नवरंगपुर ओडिशा के द्वारा वन्यप्राणी कोटरी को अवैध शिकार करने के अपराध में 13 मार्च को दर्ज कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,27,29,31,39 (1) द, 50,50 (स), 51 एवं 52 के तहत न्यायालय प्रथम श्रेणी देवभोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, न्यायालय के आदेश के उपरांत 14 दिन के रिमांड पर उप जेल गरियाबंद में जेल दाखिला किया गया। आरोपी गुलेल से कोटरी का शिकार करते थे। इसके अलावा तीर धनुष से उड़न गिलहरी और तीर धनुष से कोटरी का शिकार किया करते थे।

**कोटरी का कच्चा मांस भी बरामद-** पूछताछ के दौरान उनके निशानदेही पर ग्राम-कोलिहाडबरी ओडिशा के हिरासिंग पिता कान्दरु कमार पास से एक भरमार बन्दूक एवं फरार आरोपी गुड्डू के घर से अज्ञात वन्यप्राणी बयाने के आधार पर कोटरी का कच्चा मांस जब्त किया गया है। उपरोक्त शिकार प्रकरण में 5 अन्य व्यक्ति फरार हैं उनकी पतासाजी कर तलाश की जा रही है।

### यूपीएससी चयनित आईएएस संजय का झलप में किया गया सम्मान

**झलप।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में यूपीएससी की कठिन परीक्षा को पास कर आईएएस बने भाई संजय डहरिया का बरभाठा प्रवास के दौरान झलप में प्रगतिशील छ्ग सतनामी समाज के सदस्यों द्वारा स्वागत सम्मान किया। इस दौरान समाज के लोगों में उत्साह का माहौल था। ज्ञात हो कि बेलटुकरी (महासमुंद) निवासी संजय डहरिया का यूपीएससी 2025 में आईएएस पद हेतु चयन हुआ है।

## पेज 9 के शेष...

### आमामोरा में बिछी...

छप्पर चकनाचूर हो गए हैं। तो वहीं ग्रामीणों ने बर्तनों में बर्फ को एकत्र करते दिखे।

ज्ञात हो कि आज सोमवार को सुबह से तेज धुप से लोगों की हाल बेहाल हो गया और दोपहर 02 बजे के बाद अचानक मैनपुर क्षेत्र के कई ग्रामों में हल्की बारिश हुआ और अभी भी बारिश जारी है। आंधी- तूफान ओलावृष्टि से खासकर आम, महुआ, चार, तेंदु अन्य वनोपज को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि के कारण साल के फूल भी झड़ गए जिससे भारी नुकसान होने की संभावना है। आम के फसल इस वर्ष बेहद कम होगा तो वहीं इन दिनों महुआ संग्रहण का कार्य चल रहा है। भारी बारिश और ओलावृष्टि से महुआ के फूल झड़ गए तथा वनोपज के फसल बुरी तरह चौपट हुआ है।

**ओलावृष्टि के बाद जंगल में आगजनी की घटना अब थमेगी-** गरियाबंद वन मंडल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल मे मार्च के माह प्रारंभ होते ही आगजनी की घटना इतना ज्यादा बढ़ गया कि इस वर्ष आगजनी के कारण जंगल को भारी क्षति पहुंची है और वन विभाग ने अब तक 22 लोगों पर कार्यवाही भी किया है लेकिन आज ओलावृष्टि और बारिश से वन विभाग ने राहत की सांस लिया है जंगल मे अब आगजनी की घटना थमेगी और जंगल सुरक्षित होगा।

### कृषि कॉलेज को...

समाज है जो सामाजिक रूप से सभी क्षेत्रें में अग्रणी हो रही है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो फिर व्यवसाय का उन्हे मै कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं। छत्तीसगढ सरकार के कार्य को सब जनता देख रही हैं, डबल इंजन की कहलाने वाली सरकार का इंजन फैल हो गया है। धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती इस सरकार के संरक्षण में चल रहा है जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए संकट का विषय हैं जिसका परिणाम आगे दिख जाएगा। उन्होंने कहा कि फिंगेश्वर में चल रही कृषि कालेज को अन्य जगह शिफ्ट करना फिंगेश्वर वासियो का घोर अपमान हैं।

**ये रहे शामिल-** इस दौरान अध्यक्षता संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, अति विशिष्ट अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, शैलेन्द्र साहू, भागवत हरित, कलार समाज के प्रातांध्यक्ष युवराज सिन्हा, कलार समाज के जिलाध्यक्ष अवध सिन्हा एवं कलार समाज के मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा। विशिष्ट अतिथि में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश साहू, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पुष्पा साहू, वरिष्ट कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, शरद चतुर्वेदी, हरिशंकर श्रीवास्तव, हरनारायण सूर्यवंशी, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कमलेश यदु, डोंगरसिंह मरकाम, नत्थू कश्यप, रामकृष्ण तिवारी, कुसुम डोमार ध्रुव, महेन्द्र सिंह ठाकुर, अतुल श्रीवास्तव, अभिषेक सोनी, दुर्गा सिन्हा, पन्नालाल ध्रुव, महेन्द्र सिंह ठाकुर, रूपेश साहू, करीम खान, युवराज सिन्हा, तेजेश यदु, राजऋशि टंडन, डोमारसिंह धुव, चंद्रमनी चंद्राकर, राकेश सिन्हा, हुकुम सिन्हा, राजेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सिन्हा समाज सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### अंचल में बेमौसम...

उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम अनुकूल बना रहे ताकि उनकी मेहनत रंग ला सकें। कुल मिलाकर मौसम के बदले मिजाज ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं किसानों के लिए उम्मीद और चिंता दोनों ही साथ लेकर आया है। अब सबकी निगाहें आसमान पर टिकी हुई है कि आने वाले दिनों में मौसम का रुख कैसा रहता है। सामान्य रूप से गर्मी के मौसम में महुआ के फूल आते हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अगर ज्यादा बारिश और गरज-चमक हुआ तो फूल खराब होने से आजीविका पर संकट आ सकता है।

### चॉइस सेंटर संचालक...

सके और आम लोगों को सुरक्षित आवागमन का भरोसा मिल सके।

**युवक का मोबाइल फोन और खाली बैग बरामद-** पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दो अज्ञात युवकों ने एक चॉइस सेंटर संचालक को रोककर उससे करीब डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। घटना के बाद आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नवापारा दम्मानी कॉलोनी निवासी उमेंद्र देवांगन का अभनपुर में नवकार ज्वेलर्स के सामने चॉइस सेंटर एवं गिफ्ट स्टोर है। शनिवार रात करीब 8.40 बजे दुकान बंद कर उमेंद्र देवांगन अपने घर नवापारा आ रहा था। इसी दौरान हसदा मोड़ के आगे पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पहुंचे और उसकी बाइक रोक दी। इसके बाद एक युवक ने पेट पर चाकू टिकाकर जान से मारने की धमकी दी, जबकि दूसरे युवक ने उसके कंधे पर टंगे बैग को छीन लिया। प्रार्थी के अनुसार उसने लुटेरो के चाकू को जमकर पकड़ लिया और खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे उसके बाएं हाथ की उंगली में चोट आई। बैग में करीब 1 लाख 50 हजार रुपये नकद रखे हुए थे, जिसे आरोपी लूटकर भाग निकले। लूट की वारदात के दौरान आरोपियों की मोटरसाइकिल अचानक बंद हो गई, जिसके कारण वे बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार होने के लिए विवश हो गए। घटना स्थल से कुछ दूरी पर प्रार्थी का मोबाइल फोन और खाली बैग भी बरामद हुआ है। नवा रायपुर के सीएसपी, अभनपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 126(2), 296, 3(5), 309(4) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

### युवक को ट्रक ने ...

ट्रक को जप्त कर ली है। समाचार भेजे जाने देर रात तक विस्तृत जानकारी नही मिल पाई है। बहरहाल नवापारा की सड़के आए दिन खुन से लाल हो रही है। इसका एक कारण साफ है कि सारे लोग फुल रफ्तार में चलते है चाहे वह चार पहिया वाहन हो या बाइक सवार। सड़क के कई हिस्से ऐसे है जहां गंभीर मोड़ है,कै चीफांस रोड है बावजूद कोईभी वाहन चालक रफ्तार कम नही करना चाहते और दुर्घटना घट जाती है।

### साहू समाज के...

चुल्लूराम साहू ग्राम प्रमुख, दिवाचन्द साहू सभापति पानाबेडा, गोविन्द साहू सभापति झरीगांव, मधु साहू, पद्मनाभ साहू, गजानंद साहू, बासुदेव साहू, खेमानिधि साहू, चौतू राम साहू, सुफेद राम साहू, टीकमराम साहू, लंबुधर साहू, राजेन्द्र साहू, खिलावन, मेसकुमार, घनश्याम, माणिक साहू, भुवेंद्र साहू, भूतेश्वर साहू, लम्बोदर साहू, बाबूलाल, निलार साहू, ओमप्रकाश तुलसी राम एवं समस्त सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### चूल्हे पर लौटी रसोई, छोटे कारोबारियों पर संकट



**रसेला।** एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में कमी के कारण कई हिस्सों में लोग फिर से लकड़ी,छैना और मिट्टी के चूल्हे का इस्तेमाल करने को मजबूर हो गए हैं। रसोई गैस की कमी के चलते, बुकिंग के 10 से 15 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहें है। एक ओर जहां घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में बीते 7 मार्च 2026 से 60 रूपए प्रति सिलेंडर की महंगाई से उपभोक्ता त्रस्त थे, वहीं अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण रसोई गैस की आपूर्ति में बांधा उत्पन्न होने के चलते एलपीजी गैस की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे हैं। रुवाड के निवासी खेमसिंह नागेश ने बताया कि मैं 6 फरवरी को गैस सिलेंडर लिया था, फिर उसके बाद 12 मार्च को गैस एजेंसी छुरा गया गैस सिलेंडर के लिए फिर गैस एजेंसी वाले ने कहा कि आपको 45 दिन होने के बाद ही सिलैंडर मिलेगा। सही समय पर रसोई गैस नहीं मिलने से जहां अनेक घरों में लोग मजबूरी के नाम पर पुराने मिट्टी के बने चूल्हे में लकड़ी, छेना का उपयोग कर अपने नाश्ता व भोजन तैयार कर रहे हैं। छोटे-छोटे दुकानदार जो इटली, दोसा, बडा, भजिया व अन्य नाश्ता बनाकर चौक चौराहे पर अपना जीवन व्यापन कर रहे थे, आज उनकी दुकानदारी बंद होने की नौबत आ गई है, जिसके कारण वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस बीच गैस की भारी किल्लत के बावजूद जनता को राहत देने के लिए कोई सामने नहीं आ रहे हैं। वहीं गैस एजेंसी में भी उचित जवाब देने वाला पक्ष, नहीं है जिससे लोगों में भारी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### 5 तहसीलदारों के तबादले, मैनपुर की कमान सुशील भोई को, रमेश मेहता भेजे गए फिंगेश्वर

**मैनपुर।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत पांच तहसीलदारों के कार्य स्थल में बढ़ा बदलाव किया गया है। जिसमें मैनपुर के नया तहसीलदार की जिम्मेदारी सुशील कुमार भोई को सौपी गई है। इसके पहले सुशील कुमार भोई अमलीपदर में पदस्थ थे और मैनपुर



के तहसीलदार रमेश मेहता को हटाकर फिंगेश्वर के तहसीलदार पद पर नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले के पांच राजस्व अधिकारियों के कार्यस्थल में परिवर्तन करते हुए नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 16 मार्च 2026 को जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार डिम्पल ध्रुव, जो वर्तमान में तहसीलदार फिंगेश्वर के पद पर कार्यरत थीं, उन्हें तहसीलदार राजिम के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार रमेश मेहता, तहसीलदार मैनपुर को तहसीलदार फिंगेश्वर के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं मयंक अग्रवाल, जो वर्तमान में तहसीलदार राजिम थे, उन्हें तहसीलदार छुरा बनाया गया है। सुशील कुमार भोई तहसीलदार अमलीपदर को तहसीलदार मैनपुर तथा गेंद लाल साहू, तहसीलदार छुरा को तहसीलदार अमलीपदर में पदस्थ किया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि सुशील कुमार भोई, अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद का वेतन-भत्ते आदि का आहरण उनके मूल पदस्थापना कार्यालय भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद से किया जाएगा।

### सतनामी समाज ने 40 उत्कृष्ट महिलाओं का किया सम्मान

**अभनपुर।** उपतहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज खोरपा-भटगांव द्वारा उत्कृष्ट महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपतहसील खोरपा परिक्षेत्र के 21 गांवों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 महिलाओं को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपतहसील अध्यक्ष लक्षवीर बांधे ने कहा कि महिलाओं का हर क्षेत्र में आगे बढ़ना अत्यंत आवश्यक है। वहीं परिक्षेत्र के संरक्षक प्रेमलाल गहिरवारे ने कहा कि महिला समाज के विकास की धुरी होती है और उनके योगदान से ही समाज आगे बढ़ता है। वही कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान मनमोहन कुर्रे, जितेंद्र कुर्रे,खिलावन जोशी, प्रेमलाल गहिरवारे, मोहन बंजारे, सूर्यकांत चेलक, कमलेश बांधे, हेमलाल मारकंडेय, विकास बंजारे, अजय गायकवाड़, उत्तम रात्रे, टेशू भारती, महेश कुर्रे, कमलेश्वरी कुर्रे, थनेश्वरी जांगड़े, हेमलता कुर्रे, कौशिल्या बंजारे, डीसन बंजारे, सरस्वती बघेल सहित पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## सियासत : पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहुंचे पवन सोनकर के निवास, कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने

# डबल इंजन की सरकार है फेल हमारी सिंगल इंजन बेहतर थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल रविवार शाम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर के निवास पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। श्री बघेल के साथ प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल,बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव,नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, विकास तिवारी, सुनील तिवारी ,राजेंद्र गुप्ता सहित गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, राजिम कांग्रेस के कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि आगामी चुनाव के लिए अब बहुत कम समय बचा है। लगभग ढाई वर्ष का समय शेष है और इस अवधि में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य की वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी वर्ग के हित में काम नहीं कर रही है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों और कमियों को उजागर करें तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय



राजनीतिक परिस्थितियों और संगठन की आगामी रणनीति पर भी चर्चा की गई। श्री बघेल ने संगठनात्मक विषयों के साथ क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, मोहल्लों में जाकर आम जनता से संपर्क बढ़ाएं।

**सिलेंडर की आपूर्ति नहीं-** उन्होने कहा कि अफीम की खेती चरम पर है कानून व्यवस्था के हालात बिगड़े हुए है। सिलेंडर की आपूर्ति नहीं कर पा रहे है। डबल इंजन की सरकार फेलवर है इससे अच्छा तो हमारी सिंगल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ में बेहतर काम किया। हम फिर सत्ता में लौटेंगे, कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करे। आभार प्रदर्शन नपा के पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर ने किया। लंबे समय के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजिम पहुंचे थे।

### सत्ता से ज्यादा जनता का प्यार कीमती : भूपेश बघेल

**छुईया-बेलर।** रविवार संध्या 7 बजे को ग्राम बोरसी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के आगमन से क्षेत्र की सियासी गतिविधियां एकबारगी गर्मा गईं। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू के निमंत्रण पर 'चाय पर चर्चा' के बहाने हुए इस कार्यक्रम में गरियाबंद, छुरा, राजिम, फिंगेश्वर, पाण्डुका जामगांव, बेलर, छुईहा, चरौदा, बिजली, कौंदकेरा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भूपेश बघेल के गांव में प्रवेश पर देशी बाजा, राऊत नाचा और फटाकों के साथ भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं ने आरती की थाली और फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस उत्साहपूर्ण माहौल को देख बघेल ने मुस्कुराते हुए पुष्पा साहू से कहा की पुष्पा, मुझे नहीं पता था कि आपकी चाय का निमंत्रण इतना कीमती होगा।चाय से चाहा हो गया, अर्थात भुपेश बघेल और कांग्रेस की चाहने वाले मौजूद हैं। इस बीच बीच में सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने कका जिंदा है के नारे लग रहे थे। ग्राम बोरसी में भुपेश बघेल के आगमन से सियासी हलचल तेज हो गई है।

पुष्पा साहू ने कहा कि यहां के ग्रामीणों ने ही पहले भी बघेल को मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया था। उन्होंने बघेल के कार्यकाल में गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल की घोषणा का जिक्र करते हुए कहा कि यह अतुल्य योगदान बोरसी कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, /"जिस तरह का त्याग और समर्पण राहुल गांधी में है, वही भूपेश बघेल में है। भूपेश बघेल ने कहा कि सत्ता में आना-जाना सामान्य बात है, लेकिन सत्ता से जाने के बाद भी लोगों के दिलों में जिंदा रहना बड़ी बात है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते वर्तमान सरकार के कृषि नीतियों पर निशाना साधा। इस अवसर पर अमितेश शुक्ला प्रथम पंचायत मंत्री, जनक ध्रुव विधायक बिंद्रानवागढ़ ,अमितेश शुक्ला, सुखचंद बेसरा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, स्मृति ठाकुर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत गरीयाबाद ,



महेश्वरी शाह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा, अमित मिरी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, युगल पांडे, पदमा दुबे सुनीता श्रीवास ,विकास तिवारी, कुलेश्वर साहू (पार्षद राजिम), प्रदेश अध्यक्ष गोड़ समाज पन्नालाल ध्रुव , शलैन्द्र साहू, महामंत्री दुर्गा प्रसाद सिन्हा, अनिल चन्द्राकार, प्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, करीमखान, जाकिरखान, सुघरमल आड़े,रोहनी साहू, कृष्ण कुमार साहू,भारत साहू,मानिक साहू, जनपद सभापति नंदू यादव, रूमन यादव, दौलत यादव, बंटी सिन्हा, चेतन सिन्हा सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भवन लोकार्पण समारोह में पूर्व सीएम बघेल ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

आयोजित कलार समाज के फिगेश्वर परिक्षेत्र स्तरीय वार्षिक रविवार को समारोह में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भुपेश बघेल ने कलार समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया। गाजा-बाजा, पंथी नृत्य और आतिशबाजी के साथ श्री बघेल को समारोह स्थल तक लाया गया।समारोह को संबोधित करते हुए भुपेश बघेल ने फिंगेश्वर में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों से संचालित कृषि कॉलेज का स्थायी भवन फिंगेश्वर में ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने फिंगेश्वर में सिन्हा भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की थी। आज उसी भवन का लोकार्पण उनके हाथों होना समाज के विश्वास और साहस का प्रतीक है। वहीं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला द्वारा अपने कार्यकाल में दिए गए 6.5 लाख रुपये के सहयोग से भी भवन निर्माण में मदद मिली। लोकार्पण कार्यक्रम मुख्यअतिधि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन अध्यक्षता अध्यक्षता, संगीता



सिन्हा (विधायक, संजारी बालोद) विशिष्ट अतिथि अनितेश शुक्ल प्रथम पंचायत मंत्री, युवराज सिन्हा (प्रांताध्यक्ष, कलार समाज अवध सिन्हा (जिलाध्यक्ष, कलार समाज, ओमप्रकाश सिन्हा (मंडलेश्वर, कलार समाज फिंगेश्वर, सुखचंद बेसरा जी (जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी गरियाबंद) राजेन्द्र सूर्यवंशी (अध्यक्ष, नगर पंचायत फिंगेश्वर) भागवत हरित,ओमप्रकाश बंछोर जी (वरिष्ठ कांग्रेसी) श्री अनिल चंद्राकर जी (पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद, न. पं. फिंगेश्वर) हरिशंकर श्रीवास्तव, अभिषेक सोनी पार्षद, नगर पंचायत फिंगेश्वर, राजकुमार सिन्हा, खोमन सिन्हा, हुकुमलाल सिन्हा,दुर्गा प्रसाद सिन्हा, दुर्गाराम सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा, हेमलता सिन्हा, युवराज सिन्हा, टीकम सिन्हा, शिवलाल सिन्हा छुरा, रामलाल सिन्हा अतरमरा राजिम, जितेन्द्र सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, गजेश्वर सिन्हा, नारद सिन्हा रेवती सिन्हा, पुर्णिमा सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, तारणी सिन्हा, सत्तोषी सिन्हा, नंदनी सिन्हा, दया सिन्हा, सिलोचनी सिन्हा, राजु सिन्हा, चेतन सिन्हा, ललीत सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, शिवराम सिन्हा भवानीशंकर शुक्ला शरद चतुर्वेदी, कमलेश यदु, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, हरनारायण सूर्यवंशी, युवराज सिन्हा,लीलाराम सिन्हा, रूपेश साहू, टिकेश साहू, राजऋषि टण्डन, नेतराम सिन्हा, आदि थे।

## छुईहा-बेलर सहित आधा दर्जन गांवों में निस्तारी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के कई गांवों में निस्तारी के लिए पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। छुईहा, बेलर, चरौदा, पतोरी, जमाही और कुण्डेल इत्यादि गांवों के लोग सिकासेर जलाशय से नहर के माध्यम से गांव के तालाबों में पानी छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में विधायक रोहित साहू तथा सिंचाई विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी पाण्डूका और फिंगेश्वर को आवेदन देकर पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में पानी सरगी एनीकट तक पहुंचकर भराव की स्थिति में है। वहीं गनियारी बांध का पानी फिंगेश्वर तक पहुंच चुका है। इसके बावजूद जमाही, छुईहा, चरौदा और बेलर जैसे गांवों में अब तक नहर के माध्यम से



नहरों में पानी का इंतजार

एक बूंद पानी नहीं पहुंच पाया है। इससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन द्वारा क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन पाण्डूका क्षेत्र के अधिकारी मोहन पोण्डोरिया इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। भीषण गर्मी में तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच रहे हैं, जिससे आम जनता और पशुओं के लिए पानी की समस्या खड़ी हो गई है। इस संबंध में फिंगेश्वर के अनुविभागीय अधिकारी विष्णु देव मलैया का कहना है कि विभाग की मंशा है कि गांव से पानी की मांग का आवेदन प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर पानी छोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अभी तक देवगांव को छोड़कर अन्य किसी गांव से आवेदन विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि पाण्डूका के अनुविभागीय अधिकारी मोहन पोण्डोरिया किसानों और आम लोगों की आवाज को अनदेखा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी उनका मोबाइल तक नहीं उठा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में लोगों के बीच आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## डाक बांटने वाला किरीत राम अपनी ही जमा राशि के लिए 5 साल से काट रहे दफ्तरों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

डाक विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद भी एक सेवानिवृत्त ग्रामीण डाक वितरक को अपनी ही जमा राशि के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। छुरा क्षेत्र के ग्रामीण डाक वितरक किरीत राम सोरी को एनएसडीएल की जमा राशि पिछले लगभग 5 वर्षों से प्राप्त नहीं हो पाई है, जिससे उन्हें इलाज और दैनिक खर्चों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार किरीत राम सोरी ने डाक विभाग में लगभग 43 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। सेवा अवधि के दौरान उनके वेतन से प्रति माह लगभग 300 रुपये की राशि काटी जाती थी, वहीं केंद्र सरकार की ओर से भी 300 रुपये की राशि जमा की जाती थी। इस प्रकार वर्षों तक उनकी राशि एनएसडीएल के अंतर्गत जमा होती रही। सेवानिवृत्ति के समय उन्हें कुल मिलाकर लगभग ढाई लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई, लेकिन इसके अतिरिक्त लगभग 50 हजार रुपये की जमा राशि और उस पर मिलने वाला ब्याज अब तक उन्हें नहीं मिला है। इस संबंध में वे पिछले पांच वर्षों में तीन से चार बार विभाग में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। किरीत राम सोरी ने बताया कि सितंबर 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद भी विभाग के कहने पर उन्होंने अगस्त और सितंबर माह में डाक वितरण का कार्य किया था, लेकिन उस कार्य का भुगतान भी अभी तक उन्हें नहीं मिला है। इसी बीच उनकी स्वास्थ्य स्थिति भी चिंताजनक हो गई है।

### उच्चाधिकारियों से गुहार

सोरी ने यह भी बताया कि वे अकेले ऐसे कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र के रावणभाटा, खड़मा और पाथ सिवनी के सेवानिवृत्त ग्रामीण डाक वितरक



भी ऐसे हैं जिन्हें अब तक एनएसडीएल की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। सेवानिवृत्त ग्रामीण डाक वितरक किरीत राम सोरी ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द बकाया राशि जारी करने की मांग की है, ताकि वे अपने इलाज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए उस राशि का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि वर्षों तक ईमानदारी से सेवा देने के बाद भी यदि कर्मचारियों को अपनी ही जमा राशि के लिए इंतजार करना पड़े तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के समारोह में पहुंचे सीएम साय

## प्रदेश में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का इतिहास गौरवशाली : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के होली मिलन समारोह में समाज के बुजुर्गों एवं ब्राह्मण समाज के ख्याति प्राप्त विप्रजनों काऔषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, पत्रकार राजेश मिश्रा, शिरीष मिश्रा, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी महासचिव गौरव शर्मा का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और यह समाज प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले लोगों को सम्मानित किया। कहा कि प्रदेश में गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में गौधाम योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जहां बेसहारा और घुमंतु गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य में शासकीय भूमि पर स्थापित सभी गौधाम अब सुरभि गौधाम के नाम से जाने जाएंगे। इन गौधामों में पशुपालन, हरा चारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रभु श्रीराम से विशेष संबंध है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 42 हजार से अधिक रामभक्तों को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जा चुके हैं।

### विभिन्न तीर्थस्थलों का कराया दर्शन





वहीं मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत बुजुर्गों को विभिन्न तीर्थस्थलों का दर्शन कराया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को 757 करोड़ रुपये से अधिक की राहत मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता मोर बिजली ऐप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए राज्यभर में समाधान शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला तथा कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों सहित सभी आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, राजकुमार दीक्षित,संजय अवस्थी, नीता अवस्थी,दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।



### कलेक्टर से पत्रकार संघ के पदाधिकारियो ने की मुलाकात

**राजिम।** सोमवार दोपहर श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा, महासचिव रमेश चौधरी, संरक्षक एवं सलाहकार आलोक पहाड़िया, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश वर्मा जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर बीएस उइके को बुके भेंट कर सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उइके से संघ के पदाधिकारियो ने विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गौ-धाम योजना गौ सेवा के नए युग का सूत्रपात : संतोश्र

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोष यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य में गौ-धाम योजना के शुभारंभ और इस अवसर पर की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में



छत्तीसगढ़ सरकार ने सनातन संस्कृति के मूल आधार गौ-माता की सेवा और संरक्षण को प्राथमिकता देकर राज्य में एक नई चेतना जागृत की है। घोषणाएं केवल योजना मात्र नहीं हैं, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और आश्रय दिलाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। गौ-धाम योजना के माध्यम से बेसहारा और सड़कों पर घूम रहे गौ वंश को उचित आश्रय, आहार और चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

### आलिजा ने 6 साल की उम्र में रखा रोजा

**मैनपुर।** मुस्लिम समुदाय का मुकद्दस माहे रमजान का पवित्र माह चल रहा है गर्मी और उमश में बड़ों के साथ छोटे -छोटे बच्चे भी रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे है। एक ओर जहां बड़े लोग रोजा रख रहे है तो वहीं छोटे- छोटे बच्चे भी रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं। मैनपुर



नगर के आलिजा फातिमा 6 साल ने 3 रोजा रखा और अल्लाह की इबादत कर रहे है और आगे भी रोजा रखने की बात बताई है। कम उम्र में छोटे बच्चों के द्वारा रोजा रखकर मिसाल कायम किया जा रहा है। इस बीच रोजा रखने वाले इन बच्चों को फूल माला पहनाकर रोजेदारों को सम्मान किया गया। आलिजा फातिमा शेख शाहरूख खान की बेटी है।

### किराना व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी बने राकेश

**राजिम।** राजिम किराना व्यापारी संघ के राकेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उन्हें मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर संघ के संरक्षक लालचंद मेघवानी, अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, खम्मन साहू, भोजराम साहू, संतोष साहू सहित सभी व्यापारी साथियों में हर्ष है।



### मरार समाज बकमा राज नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण



**बागबाहरा।** मरार समाज बकमा राज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए आयोजित समाजिक भवन दैहानीभाठा हरनादादर में 15 मार्च रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस समारोह के शुरूआत मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चन करके किया गया। इस समारोह में समाज के वरिष्ठजनों तथा समाजन के उपस्थिति में हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के संविधान और नियमों के दायरे में रहकर निष्पक्ष रूप से सेवा करने की शपथ ली।

# रसोई गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने सिलेंडर की शव यात्रा निकाली

## नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश, लगी रही भीड़, महंगाई पर भाजपा सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले की तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एवं गैस की किल्लत को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया सबसे पहले कांग्रेसियों ने गैस सिलेंडर का यात्रा निकाली। रैली में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड पहुंची और वापस पंचायत कार्यालय के सामने नाली में चाय बनाने का प्रदर्शन किया। इस अनोखे प्रदर्शन को देखने भारी भीड़ लगी रही और लोगों ने जमकर आनंद लिया। कांग्रेस के इस अनोखे प्रदर्शन का पूरे नगर व क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है और लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं तो सोशल मीडिया में भी जमकर नाली में चाय बनाने का वीडियो वायरल हो रहा है, मैनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया, हालांकि यह प्रयास सफल नहीं हो सका, लेकिन इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन ने राहगीरों और स्थानीय लोगों का ध्यान खींच लिया। दरअसल, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा नाले की गैस से चाय बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने शहर में यह प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष राम कृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता चाय बनाने के बर्तन और कुल्हड़ लेकर नाले के पास पहुंचे और चूल्हा जलाकर चाय बनाने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नाले की गैस से चाय बनाने जैसी बातें करते हैं, लेकिन इससे आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता।



### जनता का ध्यान भटका रही सरकार

उन्होंने कहा कि आज घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ रही है और लोग इससे परेशान हैं, जबकि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने आरोप लगाया कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और गैस सिलेंडर आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। उनका कहना था कि इन समस्याओं के बावजूद भाजपा सरकार जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है,उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन सरकार को आम जनता की परेशानियों की याद दिलाने के लिए किया गया है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महामंत्री गेन्दू यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, सावंत शर्मा,जाकीर रजा, पूरन मेश्राम, नजीब बेग, पदूलोचन यादव, इमरान खान, दुलेन्द्र नेगी, मुकेश कपिल, दयाराम यादव, रोशन राठौर, डोमार साहू, गुंजेश कपिल, उपासिन नागेश, दादू, राकेश ध्रुव, तरूण कपिल, हबीब मेमन, लिकेश यादव सहित

## जयंती : डोगेश्वर नाथ बोरीद में भक्ति का सैलाब, कर्मा जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा

# माता कर्मा केवल एक समाज की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा पुंज : भुनेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

डोगेश्वर नाथ बोरीद में पावन पापमोचिनी एकादशी के शुभ अवसर पर डोगेश्वर नाथ की पवित्र धरा भक्ति के रंग में सराबोर हो उठी। साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन अदम्य उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न हुआ।पूरा क्षेत्र माँ कर्मा के जयकारों से गुंजायमान रहा। भव्य कलश यात्र मातृशक्ति का दिखा अद्भुत संगम कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ सुबह बाजे-गाजे और पारम्परिक धुनों के साथ हुआ।

ग्राम बोरीद की गलियों में निकली भव्य कलश यात्र ने सबका मन मोह लिया। सिर पर मंगल कलश धारण किए, पारंपरिक वेशभूषा में सजी साहू समाज की मातृशक्तियों ने पूरे गांव का भ्रमण किया।भक्ति गीतों और गुलाल की लालिमा के बीच निकली इस यात्र ने भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भुनेश्वर साहू (पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ एवं वर्तमान संरक्षक, साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव ) ने अपने ओजस्वी और तेजतर्रार भाषण से उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा का संचार कर दिया।उन्होंने माता कर्मा के संघर्षमयी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि,माता कर्मा केवल एक समाज की नहीं,बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा पुंज हैं।उन्होंने सामाजिक समरसता,शिक्षा और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया।उनके ओजस्वी विचारों और धारदार वक्तव्य पर पंडाल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।





### ग्रामीण जनों की सक्रिय सहभागिता

आयोजन में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी महेश साहू, बसंत साहू, लीलाधर साहू, राधेश्याम साहू, उत्तम साहू, संतराम साहू और जागेश्वर साहू ने कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। मातृशक्ति के रूप में डोगेश्वरी साहू, त्रिवेणी साहू, दुलारी बाई साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन इस भक्तिमय उत्सव के साक्षी बने। सफल संचालन एवं आभार मंच का अत्यंत सफल और प्रभावशाली संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नीलम कुमार साहू ने किया। जिन्होंने अपनी ओजपूर्ण वाणी से कार्यक्रम के अंत तक उत्साह बनाए रखा। अंत में दिलेश्वर साहू (सह सचिव) ने उपस्थित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और विप्रजनों के प्रति हृदय से आभार प्रदर्शन किया।

### कुशल नेतृत्व और भव्य स्वागत

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दोहन साहू (अध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव) ने अपने चिर–परिचित शायराना अंदाज में स्वागत भाषण दिया, जिसने अतिथियों और आगंतुकों का दिल जीत लिया।पूरा आयोजन दोहन साहू के कुशल नेतृत्व एवं सूक्ष्म मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आयोजन में नंदिनी कोमल ढीढी (सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद) ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की इसके साथ ही सियाराम ध्रुव (जिला अध्यक्ष,अनुसूचित जनजाति मोर्चा) ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनमें डॉ. गंगाराम साहू (संरक्षक),नेतराम साहू (कोषाध्यक्ष), कृष्णा कुमार साहू (सचिव), कुंजन लाल साहू (संरक्षक), मनोहर साहू (संरक्षक) और दिलेश्वर साहू (सह सचिव) शामिल थे। आयोजन की सफलता में अशोक साहू (पूर्व कोषाध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव) की अति महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में विशेष योगदान दिया।

## भेण्डरी साहू समाज ने मां कर्मा की धूमधाम से मनाई जयंती



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत शिरोमणी मां कर्मा जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मां कर्मा के छाया चित्र पर चंदन तिलक कर महाआरती किया गया। समाज की माताओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। पूरे ग्राम में भम्रण कराया गया। चारो तरफ भगवान श्री जगन्नाथ, राजिम भक्तिन माता, कर्मा माता, दानवीर भामाशाह के जयकारे गुंजने लगे थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मां कर्मा ने भगवान को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाकर कर भक्ति का मार्ग दिखाया। आज भी जगन्नाथपुरी में खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। जिसके वंशज साहू समाज है। अतिथियों द्वारा 10वी और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने समाज के प्रतिभावान बच्चो का प्रशस्ति पत्र और राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, साहू समाज के चंद्रहास साहू, उपाध्यक्ष चुनू साहू, तुलसी साहू, युगलकिशोर साहू, घनश्याम साहू, छबि साहू, बृजमोहन साहू, भोला साहू, यादराम साहू, भूवनेश्वर साहू पार प्रमुख दिलिप साहू, अशोक साहू, चेतन साहू, शारदा साहू, मोहन साहू, सेवक साहू, पुरण साहू, भगवान दास साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मौजूद थे।

# जिले के 46 हजार बच्चों की परखी जाएगी शैक्षणिक नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर एंडलाइन आकलन आयोजित किया जाएगा।यह आकलन 10 एवं 11 अप्रैल 2026 को जिले के 978 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों तथा 264 बालवाड़ियों में किया जाएगा, जिसमें कुल 46,173 विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।इस आकलन के माध्यम से बच्चों की पढ़ने, लिखने और गणितीय समझ का गतिविधि आधारित तरीके से परीक्षण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के वास्तविक अधिगम स्तर का पता चल सके। यह प्रक्रिया बच्चों की बुनियादी क्षमताओं जैसे पाठ पढ़ने की दक्षता, लेखन कौशल, संख्याओं की समझ तथा गणितीय समस्याओं को हल करने की क्षमता को परखने पर केंद्रित रहेगी। जिले में इस आकलन की पूरी प्रक्रिया कलेक्टर भगवान सिंह उइके,जिला पंचायत सी ई ओ प्रखर चंद्राकर एवं जिला शिक्षा अधिकारी जेएस धीर के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है।समग्र शिक्षा गरियाबंद के अंतर्गत डीएमसी शिवेश शुक्ला एवं एपीसी विल्सन थॉमस द्वारा आकलन की योजना तैयार कर विद्यालयों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए हैं, ताकि आकलन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

### सुधारात्मक शिक्षण योजनाएं तैयार की जाएंगी



यह एंडलाइन आकलन निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित शैक्षणिक प्रयासों की प्रगति को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम होगा। इसके माध्यम से यह जाना जा सकेगा कि विद्यार्थियों ने वर्षभर में पढ़ाई के दौरान बुनियादी साक्षरता और गणितीय कौशल में कितनी प्रगति की है। प्राप्त आंकड़ों का संकलन कर विद्यालय स्तर, क्लस्टर स्तर और विकासखंड स्तर पर उनका विश्लेषण किया जाएगा। आकलन के परिणामों के आधार पर उन विद्यार्थियों की पहचान की जाएगी जिन्हें पढ़ने, लिखने या गणित में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए आगामी सत्र में विशेष शैक्षणिक सहयोग और सुधारात्मक शिक्षण योजनाएं तैयार की जाएंगी, ताकि वे भी निपुण भारत मिशन के निर्धारित अधिगम स्तर तक पहुंच सकें।जिला प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के व्यवस्थित और व्यापक आकलन से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की स्पष्ट जानकारी मिलेगी तथा शिक्षकों को भी यह समझने में सहायता मिलेगी कि किन क्षेत्रें में और अधिक प्रयास की आवश्यकता है।इससे जिले में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# समोदा में पंडित दीनदयाल माह प्रशिक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



मंडल समोदा में दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 एवं 17 मार्च को रखा गया है। प्रथम दिवस उदघाटन सत्र किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पीला राम निषाद, जिला मंत्री पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन साहू, जिला उपाध्यक्ष दीपक बैस मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने ध्वजारोहण एवं वंदे मातरम छत्तीसगढ़ राज्य गीत गाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। इस अवसर पर भाजपा का इतिहास, विकास विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। द्वितीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष दीपक बैस ने भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देवकुमार साहू, जिला मंत्री पीलाराम साहू, महामंत्री द्वय गजेंद्र वर्मा, विष्णु धीवर, बिसहत, प्रेमलाल साहू, मनोज वर्मा, नंदकुमार साहू, रिखीराम, शिव लहरे, संजय साहू, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा समारू साहू, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी साहू, गंगा सेंद्रे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश्वरी देवांगन, गौरी निषाद, शकुन बंजारे मौजूद थे।

## गैस की महंगाई और किल्लत पर उपभोक्ताओं ने सरकार को घेरा



**फिंगेश्वर।** सरकार ने घरेलू गैस में प्रति सिलेंडर 60 रु. और कमर्शियल गैस में प्रति सिलेंडर 112 रु. की वृद्धि किया है, इन बढ़ी कीमतों को लेकर आम उपभोक्ताओं में खलबली मचने के साथ ही तरह तरह के प्रश्न उठना स्वाभाविक है। बढ़ी कीमतों को लेकर आम जन मानस द्वारा विरोध करते आवाज उठाया गया है। इसके साथ ही विपक्ष द्वारा प्रश्न खड़ा किए जाने लगा तब सरकार की ओर से जवाब में कहा जा रहा है कि देश में गैस की लगभग 7–8 सप्ताह के लिए भरपूर भंडारण है और आम उपभोक्ताओं के लिए न तो कमी है और न ही गैस की सप्लाई में किसी प्रकार की किल्लत ही है। एक उपभोक्ता और आम नागरिक होने के नाते बिसौहा हरित ने प्रश्न किया है कि गैस की किसी प्रकार से कमी नहीं है और लगभग दो माह के लिए भरपूर भंडारण है तो कीमतों में वृद्धि क्यों कर दिया गया?कस्बों से लेकर छोटे बड़े शहरों तक के गैस एजेंसियों के सामने लंबी लंबी कतार है आखिर किसलिए? श्री हरित ने प्रश्न खड़ा करते हुये आगे कहा कि जैसा कि सरकार की ओर से और उनके नेता कार्यकर्ताओं द्वारा कहा जा रहा है कि लोगों में भविष्य के प्रति धैर्यता नहीं है इसलिए सड़कों एजेंसियों के सामने भीड़ दिख रहा है।




Ajay Advt.


## नागझर में गूंजा दशनाम गोस्वामी समाज का जयघोष

# सामाजिक भवन समाज की एकता और प्रगति की मजबूत नींव : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज, जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम नागझर में नवनिर्मित भव्य सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज के लोगों की बड़ी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय संरक्षकों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी और अशोक गिरि मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय संगठन मंत्री पोखराज बन, मार्गदर्शक रामकुमार पुरी, मीडिया प्रभारी कामेश्वर पुरी और संगठन सचिव भूपेंद्र पुरी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि उमेश भारती ने कहा कि सामाजिक भवन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और प्रगति की मजबूत नींव होता है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद में बने इस भवन से समाज के उत्थान, संस्कारों के आदान-प्रदान और युवाओं के मार्गदर्शन को नया केंद्र मिलेगा। संरक्षक अशोक गिरि ने कहा कि नागझर में बने इस भव्य भवन से जिला गरियाबंद ने पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल पेश की है। वहीं प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसके संगठन में निहित होती है और यह भवन समाज के वैचारिक विमर्श, मांगलिक कार्यों और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।



**नई जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण-** इस अवसर पर गरियाबंद जिला इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी अतिथियों द्वारा कराया गया। विदित हो कि हाल ही में समाज की जिला इकाई का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ था, जिसमें उमेश गिरि मोहेरा को जिला अध्यक्ष, कमलेश पुरी को कोषाध्यक्ष और लिल्लार पुरी को सचिव चुना गया है। मीडिया प्रभारी कामेश्वर पुरी ने बताया कि सामाजिक भवन का उपयोग भविष्य में सामाजिक बैठकों, मांगलिक कार्यों और विद्यार्थियों की सहायता के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व कोषाध्यक्ष संजय पुरी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन संगठन सचिव भूपेंद्र पुरी ने किया। इस अवसर पर गिरेन्द्र पुरी, छबीलाल पुरी, विनोद पुरी, पोखराज पुरी, हरीश पुरी, परमात्मा पुरी, व्यास गिरी, पुरुषोत्तम गिरी, कौशल गिरी, नारायण गिरी, रोहित, यशवंत सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।